https://www.upboardonline.com

II-2

प्रश्न-पुस्तिका
द्वितीय सेमेस्टर-2017
द्वितीय प्रश्न-पत्र
(प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास)

समय : 2.00 घण्टा] [पूर्णांक : 50

निर्देश :

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पच्चीस (25) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचहत्तर (75) शब्दों में लिखिए।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की स्थापना हुई थी- 1

(1) सन् 1950 में

(2) सन् 1988 में

(3) सन् 1948 में

(4) सन् 2000 में

2. उत्तर प्रदेश में "सभी के लिये शिक्षा परियोजना" लागू की गयी- 1

(1) 5 अक्टूबर, 1993 से

(2) 20 जनवरी, 1995 से

(3) 31 नवम्बर, 2000 से

(4) इनमें से कोई नहीं

3. जब कोई बालक किसी भी अवस्था में प्राथमिक शिक्षा पूर्ण किये बिना ही विद्यालय छोड़कर चला जाता है, तो यह कहलाता है- 1

(1) अवरोध

(2) पृथक्करण

(3) ह्रास

(4) विभाजन

4. 1960-61 में जनजातियों की शिक्षा सम्बन्धी समस्याओं के समाधान हेतु गठित कमेटी के अध्यक्ष थे- 1

(1) राममूर्ति

(2) राधाकृष्णन

(3) डी. एस. कोठारी

(4) श्री यू. एन. टेवर

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

5. निस्पदन सिद्धान्त किसने दिया था- 1

(1) हण्टर ने

(2) मैकाले ने

(3) वुड ने

(4) फ्रांसिस ने

6. मैकाले ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था- 1

(1) सन् 1935 में

(2) सन् 1833 में

(3) सन् 1831 में

(4) सन् 1854 में

7. वैदिक शिक्षा का प्रमुख संस्कार था- 1

(1) उपनयन संस्कार

(2) उपसम्पदा संस्कार

(3) प्रवज्जा संस्कार

(4) विस्मिल्लाह संस्कार

8. प्रारम्भिक शिक्षा प्रारम्भ होती है- 1

(1) शैशवावस्था से

(2) बाल्यावस्था से

(3) किशोरावस्था से

(4) युवावस्था से

9. "शिक्षा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण करती है" ये कथन है- 1

(1) स्वामी विवेकानन्द का

(2) स्वामी दयानन्द का

(3) अरस्तू का

(4) राजाराम मोहन राय का

10. शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य है- 1

(1) शारीरिक विकास

(2) मानसिक विकास

(3) सर्वांगीण विकास

(4) सांवेगिक विकास

11. बालक का मस्तिष्क कोरी स्लेट की तरह है। यह कथन है- 1

(1) रूसो का

(2) एडम्स का

(3) नन का

(4) अरस्तू का

12. मदरसों में शिक्षा का माध्यम था- 1

(1) अरबी

(2) उर्दू

(3) फारसी

(4) संस्कृत

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

13. निम्नलिखित में से कौन-सी योजना का शुभारम्भ 15 अगस्त, 1995 से किया गया था– 1

(1) सर्व शिक्षा अभियान

(2) पोषाहार वितरण योजना

(3) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन

(4) डी.पी.ई.पी.

14. भारतीय शिक्षा का महाधिकार पत्र कहा जाता है– 1

(1) वुड के घोषणा पत्र को

(2) सार्जेन्ट योजना को

(3) कर्जन योजना को

(4) इनमें से कोई नहीं

15. कोठारी आयोग ने बालिका शिक्षा सम्बन्धी सुझाव दिया था– 1

(1) लोकमत निर्माण का

(2) अंशकालिक रोजगार की व्यवस्था

(3) मुफ्त पाठ्य सामग्री की व्यवस्था

(4) उपर्युक्त में सभी का

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

16. न्यूनतम अधिगम स्तर से आप क्या समझते हैं ? 1

17. महिला समाख्या कार्यक्रम क्या है ? 1

18. आपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना को लागू किए जाने का क्या उद्देश्य है ? 1

19. शिक्षा में अपव्यय एवं अवरोधन से आप क्या समझते हैं ? 1

20. हंसा मेहता समिति 1962 के प्रमुख सुझाव क्या हैं ? 1

21. जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (D.P.E.P.) के दो अधिकार बताइए। 1

22. आरम्भ में बेसिक शिक्षा परियोजना (B.E.P.) के अन्तर्गत किन जनपदों का चयन किया गया था ? 1

23. अभिनव बालिका शिक्षा परियोजना के दो उद्देश्य बताइए। 1

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

24. राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद के किन्हीं दो कार्यों को बताइए। 1

25. राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (N.C.T.E.) की स्थापना कब हुई थी ? 1

26. ब्रिज कोर्स से आप क्या समझते हैं ? 1

27. स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम की विशेषताएँ बताइए। 1

28. मैकाले के निस्पन्दन सिद्धान्त से आप क्या समझते हैं ? 1

29. प्राथमिक शिक्षा के सम्बन्ध में वुड डिस्पैच की प्रमुख संस्तुतियाँ क्या हैं ? 1

30. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना किस शिक्षा आयोग की संस्तुति पर हुई ? 1

लघु उत्तरीय प्रश्न

31. लार्ड कर्जन की शिक्षा नीति 1904 में प्राथमिक शिक्षा के सम्बन्ध में क्या निर्णय लिये गये ? 2

32. भारत में अनिवार्य एवं निःशुल्क प्राथमिक शिक्षा के सन्दर्भ में संवैधानिक निर्देश क्या है ? 2

33. प्राथमिक शिक्षा की प्रमुख समस्याओं का उल्लेख कीजिए। 2

34. चार्ल्स ग्राण्ट को आधुनिक भारतीय शिक्षा प्रणाली का जनक क्यों कहा जाता है ? 2

35. आपरेशन ब्लैक बोर्ड के अन्तर्गत दी जाने वाली सामग्री का वर्णन कीजिए। 2

36. प्राथमिक विद्यालयों में विद्यालय प्रबन्ध समिति के गठन एवं कार्यों का वर्णन कीजिए। 2

37. भारत में आधुनिक अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली के विकास में ईसाई मिशनरियों के योगदान का वर्णन कीजिए। 2

38. निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-09 की प्रमुख बातों का उल्लेख कीजिए। 2

39. सेवारत अध्यापकों का विस्तृत अभिविन्यास कार्यक्रम (P-MOST) की मुख्य बातों का वर्णन कीजिए। 2

40. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (D.I.E.T.) के प्रमुख कार्यों का उल्लेख कीजिए। 2

●●●

https://www.upboardonline.com